हिन्दुस्तान

# भगवानपुर में लगेगा कोका कोला का बॉटलिंग प्लांट

**अच्छी खबर**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) जून महीने में बंपर निवेश की आधारशिला रखने की तैयारी में है। धुरियापार में केयान ग्रुप की डिस्टिलरी, अदाणी ग्रुप के सीमेंट प्लांट के साथ ही कोका कोला कंपनी का बॉटलिंग प्लांट भगवानपुर में स्थापित होने जा रहा है। कंपनी को गीडा द्वारा बताई गई 40 एकड़ जमीन पसंद आ गई है। 330 करोड़ के निवेश से स्थापित होने वाले प्लांट में 500 से अधिक को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

**40** एकड़ जमीन पसंद आई कंपनी को, 500 से अधिक को रोजगार मिलने की उम्मीद

**27** सेक्टर गीडा में कोका कोला कंपनी पहले से बना रही है बोतल

- गीडा में बॉटलिंग प्लांट से नेपाल, यूपी से लेकर बिहार को होगी आपूर्ति
- कंपनी द्वारा डीपीआर गीडा को दी गई, मिट्टी व पानी की जांच करा रही



"कोका कोला ग्रुप की तरफ से 330 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव मिला है। कंपनी की ओर से मिट्टी और पानी की जांच रिपोर्ट आने के बाद जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। जून महीने में बड़े पैमाने पर निवेश की आधारशिला रखने की तैयारी है।

**-अनुज मलिक**, सीईओ, गीडा

गीडा के सेक्टर 27 में कोका कोला की एक यूनिट संचालित है। जिसमें कोल्ड ड्रिंक की बोतल बनती हैं। इसके लिए गीडा ने 25 एकड़ जमीन आवंटित किया था। अब इसी के बगल में गीडा 40 एकड़ जमीन आवंटित करने की तैयारी में है। कंपनी ने पूरी डीपीआर गीडा को दे दी गई है। जमीन खरीद की प्रक्रिया पूरी होने से पहले कंपनी मिट्टी के साथ पानी की जांच करा रही है।

सप्ताह भर में जांच की औपचारिकता पूरी होने के बाद जमीन के आवंटन की उम्मीद है। कंपनी की तरफ से 330 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। जिसमें 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

**जून में एक साथ हो सकता है 1000 करोड़ का निवेश:** गीडा प्रशासन धुरियापार से लेकर सहजनवा क्षेत्र में 10000 करोड़ से अधिक के निवेश की आधारशिला रखने की तैयारी में है। जून महीने में बंपर निवेश की आधारशिला रखी जाएगी। सर्वाधिक 8000 करोड़ रुपये का निवेश केयान ग्रुप द्वारा किया जाना है। वहीं, अवाड़ा ग्रुप ने धुरियापार में 250 एकड़ जमीन की मांग की है। इसके साथ ही अदाणी ग्रुप से सीमेंट प्लांट के लिए डीपीआर दे दी है।